प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांक : 01.11.2025 समय : 01:00 पी.एम.

000000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज छत्तीसगढ के एक दिन के दौरे पर रायपुर पहुंचे। उन्होंने सत्य साई संजीवनी अस्पताल में आयोजित **दिल की बात** कार्यक्रम में लगभग ढाई हजार बच्चों से संवाद किया। गौरतलब है कि इन बच्चों का इसी अस्पताल में दिल की बीमारी का सफल निशुल्क उपचार हुआ है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों को जीवन का उपहार प्रमाण पत्र भी दिया। श्री मोदी आज छत्तीसगढ स्थापना के रजत जयंती समारोह में प्रदेश को 14 हजार करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यो के शुभारम्भ और शिलान्यास की सौगात देंगे।

0000

कोटा में आज सुबह एक स्कूल वैन और कार की टक्कर में दो छात्राओं की मृत्यु हो गई और 10 बच्चे घायल हो गए। हादसा पीपलदा तहसील के ईटावा कस्बे में वैन और कार की आमने सामने की टक्कर से हुआ। घायल बच्चों को इटावा अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं गम्भीर रूप से घायल 4 बच्चों को कोटा रैफर किया गया है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने अस्पताल पंहुचकर बच्चों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उधर फलौदी–बीकानेर राष्ट्रीय राजमार्ग 11 पर बीती रात सड़क किनारे खडे एक टेम्पो की ट्रोले से टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए।

0000

जनगणना 2027 के लिए प्रदेश में आज से स्वगणना का विकल्प उपलब्ध रहेगा। जनगणना पूर्व परीक्षण प्रकिया के तहत ये ऑनलाईन पोर्टल 7 नवम्बर तक खुला रहेगा। सांख्यिकी विभाग के अनुसार इसमें आमजन 34 तरह के सवालों का जवाब देकर खुद अपना ब्योरा दर्ज कर सकेंगे। वहीं प्रदेश में 3 क्षेत्रों में जनगणना पूर्व परीक्षण होंगे। इसके लिए जयपुर हैरिटेज नगर निगम के किशनपोल जोन, बाडमेर नगर परिषद और डूंगरपुर के गलियाकोट को चुना गया है।

0000

खाद्य सुरक्षा गिव अप अभियान की अवधि बढाकर 31 दिसम्बर कर दी गई है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने बताया कि प्रदेश में अब तक 42 लाख लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा सूची से नाम वापस लिया है वहीं 27 लाख से ज्यादा लोगों के ई केवाईसी नहीं करवाने से उनका नाम एनएफएसए से हट गया है। इसके साथ ही प्रदेश में लगभग 70 लाख पात्र लोगों को खाद्य सुरक्षा से जोडा गया है।

0000

भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में आज से राष्ट्रव्यापी जनजातीय गौरव वर्ष पखवाडा मनाया जा रहा है। 15 नवम्बर तक चलने वाले इस पखवाडे के तहत देशभर में एक लाख से अधिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। सांस्कृतिक, शैक्षणिक और सामाजिक कार्यक्रमों की श्रंखला के माध्यम से आदिवासियों की समृद्ध विरासत, संस्कृति और उपलब्धियों का प्रदर्शन किया जायेगा। इसके साथ ही जनजातीय ग्राम विजन और वन धन उत्पादों और आदिवासी हस्तशिल्प का भी प्रदर्शन होगा। कार्यक्रमों की श्रंखला में आज विद्यालयों में जनजातीय संस्कृति और परम्पराओं पर चित्रकला प्रतियोगिता रखी गई है।

0000

आज देव उठनी एकादशी है। कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की एकादशी को प्रबोधिनी एकादशी भी कहा जाता हैं। आज से कार्तिक महीने के पंच तीर्थ स्नान की शुरूआत होगी। इसे देखते हुए तीर्थराज पुष्कर में तडके से ही बडी संख्या में श्रद्धालुओं द्वारा पवित्र डुबकी लगाई जा रही है।

0000

सीकर जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल खाटू श्याम में बाबा श्याम जन्मोत्सव के लिए भव्य तैयारियां की गई है। आज से तीन दिन चलने वाले इस आयोजन के लिए देशभर से श्रद्धालु पंहुच रहे है। देवउठनी एकादशी पर होने वाला ये पाटोत्सव देश के बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है। जिला प्रशासन ने दर्शन व्यवस्था और भीड नियंत्रण के लिए कई इंतजाम किए है। भक्तों की भारी भीड को देखते हुए रींगस से खाटू तक नो व्हीकल जोन घोषित किया है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने

खाटूश्याम जन्मोत्सव पर प्रदेश वासियों को शुभकामनाएं दी है। अपने संदेश में श्री शर्मा ने कहा कि बाबा श्याम की कृपा से सभी के जीवन में सुख शांति और समृद्धि आये।

0000

उदयपुर और कोटा संभाग में आज कुछ स्थानों पर हल्की बारिश होने तथा बाकी जगह मौसम शुष्क रहने के आसार है। मौसम विभाग के अनुसार 3 नवम्बर से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इसके असर से जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, भरतपुर और कोटा संभाग में गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। इस बीच बीते 24 घंटों में राजसमंद, उदयपुर और भीलवाडा में कहीं–कहीं हल्की बरसात दर्ज की गई।

0000

राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से **ग्राम विकास अधिकारी सीधी भर्ती परीक्षा 2025** कल आयोजित की जायेगी। 850 पदों के लिए ये परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक एक पारी में होगी। इसके लिए 38 जिलों में परीक्षा केन्द्र बनाये गये है। वहीं राजस्थान लोक सेवा आयोग ने विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए साक्षात्कार कार्यक्रम जारी किया है। इसके तहत 17 से 25 नवम्बर तक कॉलेज शिक्षा विभाग सहायक आचार्य और कृषि विभाग में सहायक कृषि अधिकारी की भर्ती के लिए साक्षात्कार आयोजित किये जायेंगे।

00000